24वीं वार्षिक साधारण बैठक

कोविड–19 महामारी के प्रकोप के कारण देश भर में तालाबंदी की स्थिति और सोशल डिस्टेन्सिंग के अलावा आवाजाही पर प्रतिबंधों को ध्यान में रखते हुए एमसीए (कारपोरेट कार्य मंत्रालय) ने परिपत्र सं. 20/2020 दिनांकित 05 मई, 2020, सेबी परिपत्र सं. SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 दिनांकित 12 मई, 2020 के साथ पठित परिपत्र सं. 14/2020 दिनांकित 08 अप्रैल, 2020, परिपत्र स. 17/2020 दिनांकित 13 अप्रैल, 2020 द्वारा कंपनियों को कलैण्डर वर्ष 2020 के लिए अपनी एजीएम वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आयोजित करने की अनुमति प्रदान की है और वार्षिक रिपोर्ट से संबंधित कुछ प्रावधानों में राहत दी है।

उक्त दिशानिर्देशों के अनुसार एतद्वारा सूचित किया जाता है कि बैंक बैठक की सूचना में निर्धारित होने वाले व्यवसायों के निष्पादन हेतु अपनी **24वीं एजीएम मंगलवार, 11 अगस्त, 2020** को विडियो कान्फ्रेन्सिंग/अन्य ऑडियो विजुअल मोड, यहाँ आगे "ई–एजीएम" कहा गया है, के माध्यम से आयोजित कर रही है।

एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट 2019–20 की इलैक्ट्रोनिक प्रतियाँ सभी सदस्यों जिनके ई–मेल आईडी बैंक/डिपोजिटरी पार्टिसिपेंट(ओं) में पंजीकृत है, को भेजी जायेंगी। अभौतिक रूप वाले शेयरधारक और जिनकी ई–मेल आईडी पंजीकृत नहीं है, उनसे अनुरोध है कि वे अपने डिपोजिटरी पार्टिसिपेंटों के माध्यम से अपने संबंधित डिपोजिटरी में अपनी ई–मेल आईडी और मोबाइल नंबर पंजीकृत करें। भौतिक रूप वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपनी होल्डिंग्स को डीमेट करें/ **बुधवार, 15 जुलाई, 2020** तक उपरोक्त ईमेल आईडी पर बैंक को और रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट को investor@bigshareonline.com पर अपने ई–मेल आईडी व मोबाइल नंबर प्रस्तुत करें।

इसके अतिरिक्त शेयरधारक www.bankofindia.co.in पर क्लिक करके अपने ईमेल आईडी अस्थायी रूप से पंजीकृत कर सकते हैं। **24वीं एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट 2019–20** बैंक की वेबसाइट **www.bankofindia.co.in** और स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराई जायेगी।

शेयरधारकों को एजीएम की सूचना में यथानिर्धारित व्यवसायों पर इलैक्ट्रोनिक मतदान प्रणाली के माध्यम से दूरस्थ स्थान से अपना मतदान करने का अवसर मिलेगा। अभौतिक मोड, भौतिक मोड में शेयर धारण करने वाले शेयरधारकों और शेयरधारकों जिन्होंने अपने ईमेल आईडी पंजीकृत नहीं किए हैं, के लिए रिमोट मतदान का तरीका शेयरधारकों को सूचना में प्रदान किया जायेगा। विवरण बैंक की वेबसाइट पर भी उपलब्ध किया जायेगा। शेयरधारक यह विवरण प्राप्त करने के लिए कृपया **www.bankofindia.co.in** का अवलोकन करें।

शेयरधारक कृपया नोट करें कि उपरोक्तानुसार बैंक एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रतियाँ शेयरधारकों को नहीं भेजेगा।

हिते बैंक ऑफ इंडिया
ए.के. दास
प्रबंध निदेशक और सीईओ

स्थान: मुंबई दिनांक: 10.07.2020

KANPUR PLASTIPACK LTD

सी.आई.एन. : L25209UP1971PLC003444
पंजीकृत कार्यालय- डी-19-20, पनकी इण्डस्ट्रियल एरिया, कानपुर-208022
फोन न0- 0512-2691113-6 फैक्स न0 - 0512-2691117
ईमेल : secretary@kanplas.com वेबसाईट : www.kanplas.com

शेयरधारकों के लिए सूचना
जिन इक्विटी शेयरों पर लाभांश का दावा नहीं किया गया है उन शेयरों का इन्वेस्टर एजूकेशन एवं प्रोटेक्शन फण्ड में हस्तांतरण

कम्पनीज एक्ट, 2013 की धारा 124(6) तथा 125 के सपठित इन्वेस्टर एजूकेशन एवं प्रोटेक्शन फण्ड (लेखा, अंकेक्षण हस्तांतरण तथा वापसी) अधिनियम 2016 "आई ई पी एफ अधिनियम" के प्रावधानों के अनुरूप एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि जिन इक्विटी शेयरों का लाभांश लगातार 7 वर्षों से दावे नहीं किये गये हैं उन इक्विटी शेयरों को इस सूचना की तिथि से 3 माह की समाप्ति पर आई ई पी एफ सस्पेन्स खाते में स्थानान्तरण किया जाना है।

तदनुसार कम्पनी ने उन सभी शेयरधारको को उनके पंजीकृत पते पर व्यक्तिगत रूप से सूचना भेज दी है, जिनका शेयर इन अधिनियमों के अन्तर्गत आई ई पी एफ सस्पेन्स खाते में स्थनान्तरण किये जाने योग्य हैं, ऐसे शेयरधारकों के विवरण कम्पनी ने अपनी वेबसाइट https://kanplas.com/investors/investor-relations पर अपलोड भी कर दिया है । शेयरधारक, जिन्होंने अपने लाभांश के लिए विगत 7 वर्षों से दावा नहीं किया है वे आवश्यक विवरण (फोलियो नं. / डी पी – आई डी (यदि कोई हो), वर्तमान पता, बैंक डीटेल्स तथा सम्पर्क नम्बर) देकर 15 अक्टूबर, 2020 के पूर्व उपरोक्त शेयरों के लिए कम्पनी के पास अपना बकाया लाभांश का शीघ्रातिशीघ्र दावा कर सकते हैं।15 अक्टूबर, 2020 के पश्चात कम्पनी आपके मूल शेयर प्रमाण पत्र (प्रमाण पत्रों) के बदले में डुप्लीकेट शेयर प्रमाण पत्र जारी करेगी और आई ई पी एफ सस्पेंस खातें में स्थानान्तरित कर देगी। इस मामले में मूल शेयर्स प्रमाण पत्र (प्रमाण पत्रों) जो सदस्यों के नाम पंजीकृत हैं स्वतः निरस्त हो जायेगें तथा गैर पारणीय माने जायेगें। यदि आपके शेयर्स डीमैट मोड में हैं तो शेयरों को अधिनियम में वर्णित रीति के अनुसार आई ई पी एफ सस्पेन्स खाते के डीमैट खाते में स्थानान्तरण कर दिया जायेगा।

एतद्द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आई ई पी एफ सस्पेन्स खाते में शेयरों के स्थानान्तरण के पश्चात कम्पनी के सापेक्ष कोई दावा स्वीकार नहीं होगा यद्यपि आपके पास आई ई पी एफ अधिनियम में वर्णित रीति के अनुसार आई ई पी एफ सस्पेन्स खाते से शेयरों का दावा करने का अधिकार होगा।

किसी स्पष्टीकरण अपेक्षित होने की स्थिति में अधिक जानकारी के लिए आप कृपया अधोहस्ताक्षरी से सम्पर्क करें।

कृते कानपुर प्लास्टिपैक लिमिटेड
हस्ता0/-
(अंकुर श्रीवास्तव)
कम्पनी सचिव

स्थान– कानपुर
दिनांक: 14.07.2020

क्या यह समझना सही है कि बाजार अब चिंताओं से उबर गए हैं?

बाजार में मौजूदा स्तरों से किसी बड़ी तेजी की बात करना कठिन है। हालांकि यह कहना उचित हो सकता है कि सभी क्षेत्रों में हालिया भारी तेजी से अर्थव्यवस्था के फिर से खुलने को लेकर उत्साह बढ़ने और मांग बहाल होने का संकेत मिलता है। फिर भी, बाजारों में मजबूत सुधार को देखते हुए हमें वैश्विक के साथ–साथ भारत में इक्विटी बाजारों के फिर से मार्च 2020 के स्तरों पर पहुंचने की काफी कम संभावना दिख रही है। इसकी वजह यह है कि पिछले तीन–पांच महीनों के दौरान लॉकडाउन और सोशल डिस्टेंसिंग की वजह से दुनिया के कई हिस्सों में कोरोना महामारी पर नियंत्रण पाया जा चुका है। मार्च के निचले स्तरों के बाद से दुनियाभर में कई सरकारों द्वारा मजबूत राजकोषीय और मौद्रिक मजबूती के उपाय किए गए हैं। दुनियाभर में कई चिकित्सा संस्थानों में कोविड वायरस के उपचार को लेकर प्रयास तेजी से किए जा रहे हैं। इसके अलावा वैश्विक तौर पर अर्थव्यवस्थाएं लॉकडाउन के दबाव से उभरने के लिए प्रयास कर रही हैं।

क्या बाजार अर्थव्यवस्था में दबाव को कम आंक रहे हैं?

हाल के समय में ब्याज दरों में नरमी के साथ–साथ भारत को बेहतर ग्रामीण परिदृश्य और मजबूत कृषिगत अर्थव्यवस्था से समर्थन मिलने की संभावना है। हालांकि, सख्त लॉकडाउन को देखते हुए कमजोर शहरी मांग से कुल अर्थव्यवस्था पर दबाव पैदा होने की आशंका है और उसमें सुधार आने में चार से छह तिमाहियों का समय लग सकता है। हालांकि बाजार वित्त वर्ष 2021 की आय को किसी तरह के दबाव के लिहाज से ज्यादा जिम्मेदार नहीं मान रहे हैं, लेकिन वित्त वर्ष 2022 में आय सुधार को लेकर विलंब या किसी तरह की निराशा से बाजार के लिए गिरावट का जोखिम पैदा हो सकता है।

मिड- और स्मॉल-कैप के लिए निवेश की वजह से कई क्लोज-एंडेड योजनाएं प्रभावित हुई हैं। इस बाजार सेगमेंट पर आपकी क्या प्रतिक्रिया है?

मिड- और स्मॉल-कैप ने पिछले समय में शेष बाजार के मुकाबले कमजोर प्रदर्शन के बाद उभरने के लिहाज से बेहतर प्रदर्शन किया, और यह समय भी अलग नहीं रहा है। किसी बड़े आर्थिक संकट के बाद, सुधार का पहला दौर अच्छी गुणवत्ता वाली कंपनियों से जुड़ा होता है, चाहे वे लार्ज-कैप की हों या मिड/स्मॉल-कैप सेगमेंट की।

मार्च 2020 के निचले स्तरों के बाद से आपकी निवेश रणनीति कैसी रही है?

आक्रामक स्तर पर हमारा नजरिया न तो ज्यादा रक्षात्मक और न ही बहुत आक्रामक रहा है। हम खपत, दूरसंचार, हेल्थकेयर और उद्योगों पर सकारात्मक हैं जबकि कंज्यूमर स्टैपल्स, तेल एवं गैस, बैंकिंग एवं वित्त और प्रौद्योगिकी पर तटस्थ से लेकर नकारात्मक हैं। खपत और वित्त में आई बड़ी कमजोरी को देखते हुए अल्पावधि में इनमें अच्छा सुधार देखने को मिलेगा। आप 2021 में और उसके बाद और ज्यादा तेजी देखेंगे, और यह फिर से वित्तीय क्षेत्र पर केंद्रित होगी, लेकिन व्यापक तौर पर उद्योग और बुनियादी ढांचा क्षेत्र शामिल होंगे। दूरसंचार और प्रौद्योगिकी सेवाएं पारिस्थितिकी तंत्र का मुख्य हिस्सा होंगी और मध्यावधि के मुकाबले अब बाजार में इनका ज्यादा योगदान रह सकता है।

ओयो, यूनिलीवर ने मिलाया हाथ

ऑनलाइन होटल बुकिंग की सुविधा देने वाली कंपनी ओयो ने अपने होटलों में साफ–सफाई के उच्च मानक सुनिश्चित करने के लिए रोजमर्रा के उपभोक्ता उत्पाद बनाने वाली वैश्विक कंपनी यूनिलीवर के साथ हाथ मिलाया है। दोनों कंपनियों ने मंगलवार को एक संयुक्त बयान में कहा कि इस पहल को सैनेटाइज स्टे का नाम दिया गया है। इसकी शुरुआत भारत से होगी, बाद में इसे इंडोनेशिया, वियतनाम, अमेरिका और यूरोप में भी शुरू किया जाएगा। इस पहल के तहत ओयो के होटलों में गहन साफ–सफाई, मेहमानों के लिए यूनिलीवर की स्वास्थ्य किट और व्यक्तिगत दो गज की दूरी के नियम का कड़ाई से अनुपालन किया जाएगा। *भाषा*

BS Hindi 15/7/2020